Download by Email
Date – 8/9/2017

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 681 /रामपुर/27293/2017, दिनांक, लखनऊ, सितम्बर 06, 2017

सेवा में,

वन संरक्षक,
मुरादाबाद वृत्त,
मुरादाबाद।

विषयः रामपुर में स्वार–बिलासपुर मार्ग किमी0 13 की बायीं पटरी पर ग्राम–मेंहदीनगर, तहसील–स्वार के खसरा सं0–132 पर एच0पी0सी0एल0 द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.064148 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 03 वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक–572/14–1, दिनांक 23.08.2017

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव का परीक्षण किया गया प्रथमदृष्टया परीक्षणोपरान्त विदित होता है कि प्रस्ताव के साथ कतिपय बिन्दुओं की सूचनायें पूर्ण एवं सुसंगत नहीं हैं, जो निम्न प्रकार हैं :–

1– प्रस्तावित वनभूमि की गणना में प्रवेश मार्ग के क्षेत्रफल–213.94 हे0, निकासी मार्ग के क्षेत्रफल–213.94 हे0 एवं मध्य भाग के क्षेत्रफल–177.60 हे0 का योग 0.060548 हे0 होता है, किन्तु प्रस्तावित वनभूमि का क्षेत्रफल 0.064148 हे0 अंकित किया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है।

2– प्रस्ताव के साथ संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट पर प्रयोक्ता एजेंसी के सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर अंकित नहीं हैं। सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर अंकित कराकर, ऑनलाइन अपलोड कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें।

3– प्रस्ताव के पृष्ठ–38 पर संलग्न अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, रामपुर के पृष्ठांकन में उल्लिखित मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के समसंख्यक पत्र दि0 13.07.2017 की सत्यापित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें।

4– प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मैप में समस्त Key Point के अक्षॉश व देशान्तर अंकित नहीं किये गये हैं। अंकित अक्षॉश व देशान्तर किस बिन्दु से सम्बन्धित है, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। स्पष्ट करते हुए संशोधित डिजिटल मैप ऑनलाइन अपलोड करते हुए प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।

5– अधिकतर अभिलेखों में प्रयोक्ता एजेंसी के सक्षम अधिकारी द्वारा सील के ऊपर हस्ताक्षर न कर सील के नीचे हस्ताक्षर किये गये हैं, जो सुसंगत नहीं हैं।

उपरोक्तानुसार सूचनाओं एवं अभिलेखों को पूर्ण करने हेतु किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए प्रस्ताव की प्रतियाँ इस कार्यालय से प्राप्त करा लें एवं सूचनाओं व अभिलेखों को पूर्ण कर संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को शीघ्रतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1598 08/9/17

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक 141 / , उक्तदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्त के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रामपुर। किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए प्रस्ताव की प्रतियाँ इस कार्यालय से प्राप्त करा लें एवं सूचनाओं व अभिलेखों को पूर्ण कर संशोधित प्रस्ताव वन संरक्षक, मुरादाबाद को शीघ्रतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2– श्री एस0के0सिन्हा, विधिवत गठित नयायवादी, एच0पी0सी0एल0, मेरठ रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ। सम्बन्धित सूचना एवं अभिलेख प्रभागीय निदेशक, रामपुर को शीघ्रतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कार्यालय, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद

Send by Email महत्वपूर्ण

पत्रांक R 1598 / 14-1 दिनांक 8/9/2017

प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक रामपुर को विषयक क्रम से इस निर्देश के साथ प्रेषित कि किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए, प्रस्ताव की प्रतियाँ नोडल अधिकारी लखनऊ के कार्यालय से तत्काल प्राप्त कर लें एवं सूचनाओं व अभिलेखों को पूर्ण कर संशोधित प्रस्ताव, शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि इस सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

(हस्ताक्षर)

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद

HPCL CIN NO. L23201MH1952GOI008858

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
रजिस्टर्ड ऑफिस – 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई – 400 020

HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LIMITED
(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE)
REGISTERED OFFICE : 17, JAMSHEDJI TATA ROAD, MUMBAI - 400 020

495/1, द्वितीय तल, आर.पी.जी. टावर, यूनिवर्सिटी रोड, मंगल पाण्डे नगर, मेरठ–250004, (उ.प्र.), फोन : 0121–3323901
495/1, 2nd Floor, RPG Tower, University Road, Mangal Pandey Nagar, Meerut-250004, (U.P.), Tel.: 0121-3323901

दिनांकः 11.09.2017

सेवा में

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर।

**विषयः** –रामपुर मे स्वार–बिलासपुर मार्ग किमी0 13 की बांयी पटरी पर ग्राम मेंहदी नगर तहसील स्वार के खसरा संख्या–132 पर एच0पी0सी0एल0 द्वारा विकसित किये जा रहे पैट्रोल/पम्प के सम्पर्क मार्ग निमार्ण हेतु प्रस्तावित 0.064140 हे0 तथा (संशोधित वन भूमि **0.060548** हे0) संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 3 बाधक वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भ– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या–681/रामपुर/27293/2017 दिनांक 06.08.2017

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के बिन्दु संख्या–1 के अनुपालन में भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव मे प्रोपोज्ड फोरेस्ट लेन्ड संदक **0.064148** ओर नोन फोरेस्ट लेन्ड संदक 0.**1296** हे0 परिवर्तित हो जायेगी। अतः आपसे अनुरोध है कि आन लाइन प्रस्तावसंख्या–एफपी/यूपी/अदर्स/27293/2017 पूर्व में अपलोडिड वन भूमि 0.064148 हे0 के स्थान पर रिवाइज्ड फोरेस्ट लेन्ड संदक **0.060548** एन.आई.सी. नई दिल्ली से अपने स्तर से अपलोड कराने का कष्ट करे। ताकि वन एवं पर्यावरण मन्त्रालय की स्वीकृति प्राप्त की जा सके। आपकी अति कृपा होगी।

भवदीय

(कुमार वैभव अवस्थी)
ए0एस0एम0(रिटेल) बरेली
हिनदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि0 मेरठ।

पत्रांक KVA/14–1 दिनांकित 11/09/2017

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(कुमार वैभव अवस्थी)
एरिया सेल्स आफिसर(रिटेल) बरेली
हिनदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि0 मेरठ।

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर

पत्रांक 738/14–1 रामपुर    दिनांक सितम्बर, 12, 2017

सेवा में

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0प्र0 लखनऊ

**विषयः** –रामपुर मे स्वार–बिलासपुर मार्ग किमी0 13 की बांयी पटरी पर ग्राम मेंहदी नगर तहसील स्वार के खसरा संख्या–132 पर एच0पी0सी0एल0 द्वारा विकसित किये जा रहे पैट्रोल/पम्प के सम्पर्क मार्ग निमार्ण हेतु प्रस्तावित 0.064140 हे0 तथा (संशोधित वन भूमि **0.060548** हे0) संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 3 बाधक वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भ– आपका का पत्र संख्या–681/रामपुर/27293/2017 दिनांक 06.08.2017

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के बिन्दु संख्या–1 के अनुपालन में भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में Proposed Forest land **0-064148** ha. परिवर्तित हो जायेगी। अतः आपसे अनुरोध है कि आन लाइन प्रस्तावसंख्या–एफपी/यूपी/अदर्स/27293/2017 पूर्व में अपलोडिड वन भूमि 0.064148 हे0 के स्थान पर Revised Forest land 0.060548 ha. NIC New Delhi से अपने स्तर से अपलोड कराने का कष्ट करे। ताकि वन एवं पर्यावरण मन्त्रालय की स्वीकृति प्राप्त की जा सके। आपकी अति कृपा होगी।

भवदीय

(गजेन्द्र सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर।

पत्रांक /14–1 दिनांकित

प्रतिलिपि कुमार वैभव अवस्थीएरिया सेल्स आफिसर(रिटेल) बरेली हिनदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि0 मेरठ।को उनके पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(गजेन्द्र सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,रामपुर।